14-01-2020

एनएसआई में सेनेटरी पैड मशीन लगी

मशीन का शुभारम्भ करतीं वार्डन डा. सीमा परौहा।

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) कानपुर में चलाये जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कैंपस के गर्ल्स हास्टल में सेनेटरी पैड वैडिंग एवं डिस्पोजल मशीन की स्थापना की गई। इस आटोमैटिक वैडिंग मशीन से संस्थान में अध्ययनरत छात्राओं को मात्र पांच रुपये में सैनिटरी पैड उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त वैडिंग मशीन में उपलब्ध फर्नेस (इंसीनरेटर) से उपयोग किये गये सैनिटरी पैड का उचित निस्तारम भी संभव होगा। इस मशीन का शुभारंभ करतीं हुई वार्डन डा. सीमा परौहा ने कहाकि यह सुविधा छात्राओं के लिए बहुप्रतीक्षित थी। इसका प्रयोग छात्राओं के अलावा कैंपस में कार्यरत अन्य महिलाएं के लिए भी उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. नरेंद्र मोहन ने बताया कि स्वच्छता को बढ़ावा देने एवं संस्थान में कार्यरत महिलाओं की सुविधा के विकास के लिए शीघ्र ही इस मशीन की स्थापना संस्थान के मुख्य भवन में भी किया जना प्रस्तावित है।

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT

नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट के गर्ल्स हास्टल में मंडे को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का इनॉग्रेशन हॉस्टल वार्डन डॉ. सीमा परोहा ने किया. डॉ. परोहा ने कहा कि हाईजीन को ध्यान में रखते हुए वेंडिंग मशीन को लगाया गया है.

एनएसआई में लगी सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन

कानपुर। स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के मद्देनजर नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) के गर्ल्स हॉस्टल में सोमवार को सैनिटरी पैड वेंडिंग एवं डिस्पोजल मशीन की स्थापना की गई है। इस मशीन का लाभ छात्राओं के साथ संस्थान की महिला कर्मी भी उठा सकेंगी। हॉस्टल की वार्डन डॉ. सीमा परौहा ने मशीन का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस मशीन से छात्राओं और महिलाओं को मात्र पांच रुपये में सैनिटरी पैड उपलब्ध होगा। व्यक्तिगत हाईजीन से महिलाओं को विभिन्न रोगों से सुरक्षा मिलती है। मशीन में लगे इंसीनरेटर से सैनिटरी पैड का उचित निस्तारण भी संभव होगा। एनएसआई के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने कहा कि स्वच्छता को बढ़ावा देने और संस्थान में कार्यरत महिलाओं की सुविधा के लिए जल्द ही एक और मशीन की स्थापना मुख्य भवन में और की जाएगी।